**GUPS/GSSS**
**अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2025-26**
**कक्षा: VII | विषय: हिन्दी**
समय: 2 घण्टे | अधिकतम अंक: 35

## भाग–A — वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Q.1–Q.8) [1×8 = 8]

**Q.1** 'ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भागी' का अर्थ है—
**(अ)** घमंड चूर होना
**(ब)** बेचैनी आना
**(स)** शर्म भाना
**(द)** विचार बदलना

**Q.2** यासुकी-चान की बहन रहती थी—
**(अ)** अमरीका में
**(ब)** जापान में
**(स)** मलेशिया में
**(द)** इंग्लैंड में

**Q.3** शाम के शान्त वातावरण में अचानक बोल उठा था—
**(अ)** कौआ
**(ब)** मोर
**(स)** पपीहा
**(द)** मुर्गा

**Q.4** विजय बाबू और मुरली वाले का संबंध था—
**(अ)** मित्रता का
**(ब)** पड़ोसी का
**(स)** क्रेता–विक्रेता का
**(द)** भाई–भाई का

**Q.5** काका कालेलकर ने नदियों को किस नाम से पुकारा है—
**(अ)** लोककथा
**(ब)** लोक–गाथा
**(स)** लोकमाता
**(द)** लोक–विधा

**Q.6** शुद्ध शब्द है—
**(अ)** विधालय
**(ब)** विद्यालय
**(स)** विघालय
**(द)** विदालय

**Q.7** 'अपकार' में उपसर्ग है—
**(अ)** कार
**(ब)** अ
**(स)** अप
**(द)** पकार

**Q.8** निम्न में से कौन-सा शब्द 'अश्व' का पर्यायवाची नहीं है—

**(अ)** तुरंग

**(ब)** हय

**(स)** घोड़ा

**(द)** निशा

### भाग–B — लघु उत्तर (Q.9–Q.16) [2×8 = 16]

**Q.9** आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई? (2)

**Q.10** मनुष्य को धरती की भाँति सहनशील क्यों होना चाहिए? (2)

**Q.11** 'अपूर्व अनुभव' शीर्षक संस्मरण में क्या संदेश दिया गया है? (2)

**Q.12** 'शाम—एक किसान' कविता में कवि ने अंधकार की तुलना किससे और क्यों की? (2)

**Q.13** पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी लगी? (2)

**Q.14** द्विगु समास किसे कहते हैं? दो उदाहरण दीजिए। (2)

**Q.15** संधि-विच्छेद कीजिए— (i) रविन्द्र (ii) विद्यार्थी (2)

**Q.16** 'श्री गणेश करना' या 'दुबक जाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। (2)

### भाग–C — अनुच्छेदात्मक उत्तर (Q.17–Q.19) [किसी भी 2 × 3 = 6]

**Q.17** लेटर बॉक्स ने एक पत्र पढ़कर यह क्यों कहा कि "मुझे हेडमास्टर होना चाहिए था"? (60–80 शब्द) (3)

**Q.18** 'मिठाईवाला' कहानी का उद्देश्य लिखिए। (60–80 शब्द) (3)

**Q.19** पक्षियों को पिंजरे में बंद करने से स्वतंत्रता और पर्यावरण दोनों पर प्रभाव पड़ता है— अपने विचार लिखिए। (60–80 शब्द) (3)

### भाग–D — दीर्घ/रचनात्मक (Q.20–Q.23) [किसी भी 1 × 5 = 5]

**Q.20** निम्न गद्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए— (5)

> पेड़, खंभा, लैटर बॉक्स, पोस्टर—इन सबके बीचों-बीच लपक-झपक कर लड़की बचने का प्रयत्न करती है और वह दुष्ट आदमी पीछे-पीछे। होते-होते सभी वस्तुएँ सरकते-सरकते उसके रास्ते में आने लगती हैं, उस छोटी लड़की का संरक्षण करने लगती हैं। धीरे-धीरे इस सारे क्रम का वेग बढ़ने लगता है जिसे ढोलक या तबले की ताल भी मिलती है। लड़की किसी भी तरह उस दुष्ट आदमी के हाथ नहीं लगती है। तभी एकदम से कौआ चिल्लाता है।

(क) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

---

(ख) लड़की कैसे बचने का प्रयास करती है?

---

(ग) लड़की का पीछा कौन कर रहा था?

---

(घ) कौआ एकदम से क्यों चिल्लाता है?

---

**Q.21** निम्न पद्यांश का सप्रसंग अर्थ कीजिए— (5)

> तरूवर फल नहिं खात हैं, सरवर पियत न पान।
> कहि रहीम पर उपकार हित, संपति सकल सुजान॥

**Q.22** प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (बीदासर) को पड़ोसी विद्यालय की कक्षा 7 के साथ मित्रता क्रिकेट मैच कराने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। (5)

**Q.23** किसी एक विषय पर ~200 शब्दों में निबंध लिखिए— (अ) मोबाइल: लाभ व हानि (ब) विद्यालय का वार्षिकोत्सव (स) मेरा प्रिय अध्यापक (द) होली: रंगों का त्योहार (5)

© 2025 www.apnigovt.com